लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1357
09 फरवरी, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय परिधान निर्यात

1357. डॉ. थोल तिरुमावलवनः
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पाकिस्तान, बांग्लादेश, कंबोडिया, तुर्की और श्रीलंका के निर्यातकों की तुलना में यूरोपीय संघ में भारतीय परिधान निर्यातकों को होने वाली शुल्क-हानि के बारे में पता है;

(ख) यदि हां, तो उक्त देशों के साथ शुल्क-हानि का प्रतिशत क्या है;

(ग) क्या सरकार ने यूरोपीय संघ में भारतीय परिधान निर्यातकों को होने वाली शुल्क-हानि को दूर करने के लिए कोई उपाय किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): बांग्लादेश, कंबोडिया, तुर्की और श्रीलंका द्वारा निर्यात किए गए समान उत्पादों के लिए 0% के सापेक्ष यूरोपीय संघ में भारतीय परिधानों को 9.6% के औसत आयात शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।

(ग) और (घ): भारत वर्तमान में मुक्त व्यापार समझौतों के लिए यूके, यूरोपीयन संघ (27 यूरोपीयन देशों का ब्लॉक), यूएई, आस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (4 यूरोपीय देशों का ब्लॉक) के साथ क्रियाशील है, जिसमें सरकार पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौतों को निष्पादित करने का लक्ष्य रखती है।

*****